राष्ट्रपति ने झारखण्ड को दिया कृषि कर्मण अवार्ड

15 जनवरी, 2013 को नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में माननीय राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी एवं श्री शरद पवार, कृषि मंत्री, भारत सरकार के हाथों कृषि कर्मण पुरस्कार, श्री अरूण कुमार सिंह, प्रधान सचिव, कृषि एवं गन्ना विकास विभाग, झारखण्ड ने ग्रहण किया। तथा दलहन के क्षेत्र में झारखण्ड राज्य से उत्कृष्ठ प्रदर्शन एवं अभिवन कृषि कार्य के लिए श्रीमति सीमु सरदार, प्रखण्ड–पोटक, जिला–पूर्वी सिंहभूम एवं श्री दामोदर चौधरी, प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला–पलामू को पुरस्कार दिया गया।

झारखण्ड को यह पुरस्कार वर्ष 2011–12 में दलहन उत्पादन में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया गया। पुरस्कार के तहत राज्य को प्रसस्ति पत्र के साथ एक करोड़ राशि एवं कृषकों को 1–1 लाख रूपया प्रदान किया गया।

कृषि क्षेत्र में राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2010–11 में केन्द्र सरकार ने कृषि कर्मण अवार्ड कि शुरुवात की थी। जिसके तहत दिनांक 30.10.2012 को कृषि कर्मण पुरस्कार हेतु झारखण्ड की दावेदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य के कृषि आलाधिकारियों द्वारा कृषि सचिव, भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया था, जिसके आधार पर कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा झारखण्ड को दलहन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन–दलहन का राज्य में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन–दलहन 17 जिले में कार्यान्वित की जा रही है। वर्ष 2011–12 में झारखण्ड ने 490.504 हजार टन दलहन का उत्पादन किया है, जो कि राज्य का अबतक का सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है।

इस समारोह में राज्य से श्री अरूण कुमार सिंह, प्रधान सचिव, कृषि एवं गन्ना विकास विभाग, झारखण्ड, श्री के0के0 सोन, कृषि निदेशक, झारखण्ड, श्री राजेश शर्मा, पूर्व कृषि निदेशक, झारखण्ड, श्री जटा शंकर चौधरी, निदेशक समेति, झारखण्ड तथा श्री आर0पी0 सिंह, निदेशक, भूमि संरक्षण, झारखण्ड ने शिरकत किया।